VOICE • INFORMATION • PARTICIPATION
VIP

'पत्रिका' की पहल
बिजनेस बड़ा कैसे करें

पत्रिका बिजनेस बूस्टर

बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों ने किया आवेदन

राजस्थान पत्रिका | Entrepreneurship Development Institute of India

महिलाओं को बिजनेस के क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए पत्रिका समूह और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआइआइ), अहमदाबाद की संयुक्त पहल।

महिलाओं को अपना बिजनेस छोटे से बड़े स्तर पर ले जाने की पहल 'बिजनेस बूस्टर' में अब तक 400 से अधिक महिला उद्यमियों ने आवेदन किया है। इनमें ब्यूटीशियन, सिलाई-कढ़ाई, कोचिंग, किराना, हैंडीक्रॉफ्ट, कॉस्मेटिक और गारमेंट शॉप आदि से जुड़ी महिला उद्यमियों ने आवेदन किया है। पहल से जो भी महिला उद्यमी जुड़ना चाहती हैं वे 21 जनवरी तक नीचे दिए लिंक या क्यूआर कोड से आवेदन करें। इसके बाद स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

जल्द मिलेगी बैच की जानकारी

इस उद्यमशीलता प्रशिक्षण कार्यक्रम के हर बैच में 20-25 महिला उद्यमियों को शामिल किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए चयनित महिला उद्यमियों की जानकारी उनके दिए हुए मोबाइल नंबर पर दी जाएगी। साथ ही बैच शुरू होने, प्रशिक्षण में जुड़ने के तरीके आदि के बारे में जानकारी आपको परिवार परिशिष्ट के माध्यम से भी मिलती रहेगी। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद से चयन प्रक्रिया का काम शुरू होगा। आवेदन के लिए नीचे दिए गए लिंक को अपने मोबाइल फोन में खोलें या स्कैन कर भी फॉर्म को भरें।

गूगल लिंक- bit.ly/3zAVlLr